डाक पंजीयन क्र./छ.ग./रायपुर संभाग/14/2024-2026

आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या CHHHIN/2002/09534



# रोजगार और नियोजन



वर्ष-22, अंक-25, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित

27 नवंबर 2024, बुधवार, पृष्ठ संख्या 24, नि :शुल्क

# बस्तर में लाल नहीं, अब विकास की हरियाली

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में चित्रकोट में बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक हुई, इंफ्राट्रक्चर, इको टूरिज्म और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर का नक्शा अब बदल रहा है। कभी जिन इलाकों को नक्सलियों का लाल गलियारा माना जाता था। ऐसे इलाके अब विकास के गलियारे के रूप में जाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में चित्रकोट में आयोजित बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की पहली बैठक में बस्तर में पर्यटन को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए टूरिज्म कॉरिडोर बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही बस्तर अंचल के पर्यटन के लिए चिन्हित स्थानों को विकसित करने के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक में बस्तर में एनएमडीसी द्वारा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण के संबंध में भी चर्चा की गई। इस मौके पर श्री साय ने सौर समाधान और मनो बस्तर एप्प लॉन्च किया तथा सौर ऊर्जा चलित पॉवर बैंक का शुभारंभ किया।




- **टूरिज्म कॉरिडोर:** बस्तर के पर्यटन को मिलेगा नया आयाम।
- **सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल:** बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का वादा।

### फिर मुस्कुराएगा मेरा बस्तर

सरकार ने बस्तर और सरगुजा के विकास पर अपना ध्यान विशेष रूप से केंद्रित किया है। जनजाति क्षेत्रों के विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी। मेरा बस्तर फिर मुस्कुराएगा इसके लिए काफी राशि उपलब्ध है। नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी, पेयजल, बिजली, मोबाइल टॉवर जैसी अधोसंरचनाएं अंदरूनी गांवों तक पहुंचा रही हैं। योजना के तहत 34 नए सुरक्षा कैंप खोले गए हैं जहां ग्रामीणों को विभिन्न सुविधाएं भी दी जा रही हैं।



- **स्थान:** बस्तरिया बटालियन कैंप, सेडवा, जिला नारायणपुर
- **मुख्य उद्देश्य:** जवानों से भेंट और परिवारों से संवाद

### जवानों के साथ रात बिताने वाले पहले मुख्यमंत्री

लगातार चल रहे नक्सल ऑपरेशन के बीच मुख्यमंत्री श्री साय जवानों के साथ कैंप में रात बिताई, और सुरक्षा बलों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। जवानों के साथ उन्होंने रात का भोजन किया। जवानों को भोजन भी परोसा। उनकी सादगी, व्यवहार और अपनेपन ने सभी जवानों का दिल जीत लिया। प्रदेश के संवेदनशील मुखिया श्री साय का सरोकार एवं जुड़ाव सभी किसानों और जवानों के साथ ही उनके परिवारों से भी समान रूप से है। अपने अतिथि को उनके मनपसंद व्यंजन खिलाने की संस्कृति भी हमारी परंपरा में है।

## कांकेर को राष्ट्रीय स्तर पर मिला "बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवार्ड"

नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में आयोजित भव्य समारोह में छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले को "बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवार्ड" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह ने विश्व मात्स्यिकीय दिवस के अवसर पर प्रदान किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कांकेर जिले के मत्स्य कृषकों, अधिकारियों और राज्य के सभी मछलीपालकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अवार्ड छत्तीसगढ़ की कड़ी मेहनत और योजनाबद्ध प्रयासों का परिणाम है।




### मत्स्य पालन को बढ़ावा

- 7.30 लाख टन प्रदेश में वार्षिक मत्स्य उत्पादन।
- 546 करोड़ मत्स्य बीज का वार्षिक उत्पादन।
- 1 से 3 प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को ऋण सुविधा।

## माइक्रो एटीएम से निकाल सकेंगे 10 हजार

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए बड़ा फैसला लिया है। धान केन्द्रों में पहुंचे किसान अब वहां माइक्रो एटीएम से दो हजार रूपए से लेकर दस हजार रुपए तक की राशि निकाल सकेंगे। राज्य में 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा किसानों को उनके द्वारा बेचे गए धान के एवज में 72 घंटे के भीतर उनके बैंक खातों में भुगतान की व्यवस्था भी शासन ने सुनिश्चित की है। विपणन संघ मुख्यालय स्तर पर शिकायत निवारण हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना भी की गई है जिसका नम्बर 0771-2425463 है।

## रायपुर से सिंगापुर और दुबई की उड़ानें जल्द शुरू

मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात कर रायपुर एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की शुरुआत का प्रस्ताव रखा। मंत्री ने सिंगापुर और दुबई के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू करने पर अपनी सहमति जताई है। रायपुर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने और कार्गो हब बनाने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होगी। बिलासपुर एयरपोर्ट पर नाईट लैंडिंग सुविधा और अंबिकापुर से नई उड़ानें शुरू करने पर भी सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जगदलपुर और अन्य शहरों को जोड़ने पर जोर दिया।



### छत्तीसगढ़ की ऊंची उड़ान

- रायपुर से सिंगापुर और दुबई की सीधी उड़ानें जल्द होंगी शुरू।
- रायपुर एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय कार्गो हब विकसित करने की योजना।
- बिलासपुर एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की सुविधा जल्द होगी उपलब्ध।

## ओलंपिक में गोल्ड लाने पर मिलेगा तीन करोड़

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए घोषणा की है। छत्तीसगढ़ सरकार ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को 3 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को 2 करोड़ रुपये, और कांस्य पदक विजेताओं को एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करेगी। ट्राफी इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन स्पर्धा के समापन समारोह में कहा कि छत्तीसगढ़ में खेलों को बढ़ावा देने के लिए बेहतर अधो-संरचनाएं और अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**उपलब्धि**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय वन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव के प्रति जताया आभार


## गुरु घासीदास-तमोर पिंगला बना देश का 56 वां टाइगर रिजर्व


छत्तीसगढ़ को बाघों के संरक्षण और संवर्धन के लिए 'गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व' के रूप में एक नया टाइगर रिजर्व मिल गया है। यह टाइगर रिजर्व देश का 56 वां टाइगर रिजर्व होगा।

### छत्तीसगढ़ में तीन अन्य टाइगर रिजर्व है

जिसमें अचानकमार टाइगर रिजर्व, इंद्रावती टाइगर रिजर्व, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व है। इस टाइगर रिजर्व की स्थापना के साथ, राज्य में टाइगर रिजर्व की कुल संख्या चार हो गई है।

**गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व**






- कुल क्षेत्रफल- 2829.387 वर्ग किमी
- इन जिलों से लगी हैं सीमाएं- चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर।

**नागार्जुनसागर-श्रीसैलम टाइगर रिजर्व (आंध्रप्रदेश):** 3296.31 वर्ग किमी है। यह देश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है।

**मानस टाइगर रिजर्व (असम):** 2837.1 वर्ग किमी है। यह देश का दूसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है।

**गुरूघासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व:** 2829.387 वर्ग किमी है। यह देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व होगा।

## रिक्रूटमेंट नोटिस

**राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू)**
पद : लिपिक (एलडीसी) और विभिन्न पद
पद संख्या: 33
अंतिम तिथि: 28 नवंबर 2024
ncw.nic.in

**एनआईटी**
पद : फैकल्टी
पद संख्या: 132
अंतिम तिथि: 28 नवंबर 2024
www.nitj.ac.in

**एमपी राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम**
पद: लीड ट्रेनर सहित अन्य
पद संख्या: 199
अंतिम तिथि: 2 दिसंबर 2024
services.mp.gov.in

**रेलवे भर्ती सेल, गुवाहाटी**
पद: अपरेंटिस
पद संख्या: 5647
अंतिम तिथि: 3 दिसंबर 2024
app.nfr-recruitment.in/

**सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया**
पद: स्पेशलिस्ट ऑफिसर
पद संख्या: 253
अंतिम तिथि: 3 दिसंबर 2024
centralbankofindia.co.in

**आरपीएससी**
पद : स्कूल लेक्चरर
पद संख्या: 2202
अंतिम तिथि: 04 दिसंबर 2024
rpsc.rajasthan. gov.in/

**मेडिकल यूनिवर्सिटी**
पद: ग्रुप बी, सी
पद संख्या: 332
अंतिम तिथि: 31 दिसंबर 2024
www.kgmu.org


वर्ष-22, अंक-25, रायपुर

**रोजगार और नियोजन**

प्रधान संपादक : डॉ. रवि मित्तल
संपादक : जवाहर लाल दरियो
सहायक संपादक : गीतांजलि नेताम
संपादकीय : अरविन्द मिश्रा, संदीप सिन्हा
ग्राफिक डिजाइनर : धनेश कुमार दिवाकर
डाटा एंट्री आपरेटर : अंजुरानी, राकेश साहू
वितरण व्यवस्था : मोहन मिश्रा, विक्रांत



- कार्यालय पता -
छत्तीसगढ़ संवाद
(छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग का उपक्रम)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19,
अटल नगर, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)
फोन-0771-2512582, 2512583
ईमेल पता
rojgaraurniyojan@gmail.com



**रोजगार और नियोजन नि:शुल्क है।**

रोजगार और नियोजन में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। रोजगार और नियोजन में प्रकाशित होने वाले लेखों के लिए लेखकों को नियमानुसार मानदेय प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र रायपुर रहेगा।


### पिक ऑफ द वीक



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का बस्तरिया अंदाज में हुआ स्वागत गौरसिंग मुकुट पहनाकर किया गया अभिनन्दन

# सुशासन के नए आयाम नवाचार और विकास की ओर कदम

नवा रायपुर में सुशासन पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ

नवा रायपुर में 21 एवं 22 नवंबर को आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन में सुशासन के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन में देशभर से 150 प्रतिनिधियों और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य प्रशासन में नवाचार और सुशासन के सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना था। सम्मेलन के दौरान, प्रतिनिधियों ने अपने अनुभवों और नई पहल को साझा किया, जिससे शासन को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितैषी बनाने की दिशा में नए दृष्टिकोण सामने आए। समापन समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य




अपने विकास की नई गाथा लिख रहा है। राज्य सुशासन और समावेशी विकास के माध्यम से 2028 तक जीएसडीपी को 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### "मुख्यमंत्री गुड गवर्नेंस फेलो योजना" की शुरुआत

- **उद्देश्य:** पब्लिक पॉलिसी और गवर्नेंस में उच्च शिक्षा का अवसर। शासन में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाना।
- **पाठ्यक्रम की विशेषताएं:** आईआईएम रायपुर में मास्टर पाठ्यक्रम। कक्षाओं के साथ व्यवहारिक अनुभव।
- **छात्रों को लाभ:** CAT परीक्षा के माध्यम से चयन। पाठ्यक्रम की पूरी फीस राज्य सरकार वहन करेगी। मासिक स्टायफंड प्रदान।

# पीएम श्री स्कूलों में होगा म्यूजिकल बैंड का आयोजन

मुख्यमंत्री की अगुवाई में शिक्षा का समग्र विकास, पीएमश्री स्कूलों में निखर रहे हैं छत्तीसगढ़ के बच्चों के सपने

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिकता और सर्वांगीण विकास के नए आयाम मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई पीएमश्री योजना के तहत राज्य के 341 स्कूलों का कायाकल्प करते हुए बच्चों को सर्वसुविधायुक्त और आधुनिक शिक्षा के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। जल्द ही पीएमश्री स्कूलों में छात्रों के लिए म्यूजिकल बैंड की स्थापना की योजना भी बनाई गई है, जिससे बच्चों में संगीत की रुचि बढ़ाई जा सकेगी और प्रार्थना भी संगीत उपकरणों के साथ होगी। शिक्षा विभाग ने इन स्कूलों में संगीत के आधुनिक उपकरण भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।

### डुन्डेरा की शासकीय प्राथमिक शाला बनी प्रेरणादायक उदाहरण

राजनांदगांव जिले के डुन्डेरा की शासकीय प्राथमिक शाला में पीएमश्री योजना के अंतर्गत करीब 4 लाख 15 हजार रुपये की लागत से स्कूल का व्यापक नवीनीकरण हुआ है। विद्यालय की दीवारों को ज्ञानवर्धक चित्रों से सजाया गया है, परिसर में हरियाली का



वातावरण है, और बच्चों के चेहरों पर खुशी की झलक दिखती है, जो स्कूल के माहौल को दर्शाती है।

### बच्चों के समग्र विकास पर विशेष जोर

पीएमश्री स्कूलों में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद, संगीत, और व्यक्तित्व विकास की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लास, खेल मैदान, म्यूजिक क्लास रूम, और प्रेरणादायक पुस्तकालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा, स्वच्छ पेयजल, पौष्टिक भोजन और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण जैसी मूलभूत सुविधाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा का नया दृष्टिकोण

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किया है, जिसके तहत बच्चों को कक्षा 5 तक स्थानीय भाषा में शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही, बच्चों के ज्ञान को वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे आधुनिक विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

### आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भी शिक्षा का नया दौर

पीएमश्री योजना के तहत आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भी स्कूलों का विकास हो रहा है, ताकि वहां के बच्चों को भी उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के बच्चों का उज्जवल भविष्य आकार ले रहा है, और शिक्षा में सुधार की यह यात्रा निरंतर जारी है। पीएम श्री स्कूल में छत्तीसगढ़ के बच्चों के सपनों को साकार करने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

### सिविल जज भर्ती: साक्षात्कार दो दिसंबर से, शिड्यूल जारी

सिविल जज भर्ती-2023 के तहत इंटरव्यू 2 दिसंबर से शुरू होंगे। पीएससी से इसका शिड्यूल जारी किया गया है। इंटरव्यू के लिए 151 उम्मीदवारों को चिंहित किया गया है। कुल 49 पदों के लिए यह भर्ती हो रही है। इसके लिए पिछले साल आवेदन मंगाए गए थे और प्रारंभिक परीक्षा भी पिछले साल ही हुई थी। जनवरी 2024 में इसके नतीजे जारी हुए थे। प्रीलिम्स के आधार पर 542 उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा के लिए चिंहित किया गया था। यह परीक्षा अगस्त में हुई थी पिछले दिनों इसका रिजल्ट जारी हुआ। इसके अनुसार 151 उम्मीदवारों का चयन इंटरव्यू के लिए हुआ है। यह 15 अंकों का होगा। साक्षात्कार 2 से 11 दिसंबर तक होगा।

### नर्सिंग में 30 तक प्रवेश

नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश अब तीस नवंबर तक होंगे। इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आइएनसी) ने प्रवेश तिथि बढ़ाई है। प्राइवेट नर्सिंग कालेज संगठन ने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त (डीएमई) को पत्र लिखकर प्रवेश तिथि बढ़ाने के लिए आइएनसी को पत्र लिखने का अनुरोध किया था।

### क्लैट का एडमिट कार्ड जारी

कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) एक दिसंबर को होगा। इसके लिए एडमिट कार्ड जारी हो गए हैं। इस परीक्षा के लिए जुलाई से अक्टूबर तक आवेदन मंगाए गए थे। प्रवेश पत्र वेबसाइट https://consortiumofnlus.ac.in पर जारी किए गए हैं।

### आरआरसी नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे ने 1791 पदों पर भर्ती

आरआरसी नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे ने 1791 पदों पर भर्ती निकाली गई हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि दस दिसंबर निर्धारित किया गया है। कैसे करें आवेदन: ऑफिशियल वेबसाइट www.rrejaipur.in पर जाएं। शैक्षणिक योग्यता: मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से 50% अंकों के साथ 10वीं पास। संबंधित ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा। विस्तृत जानकारी अभ्यर्थी वेबसाइट www.cghealth.nic.in उपलब्ध हैं। आवेदन पत्र एवं विस्तृत विज्ञापन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विभागीय वेबसाइट और संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

### रोजगार और नियोजन डीपीआर की वेबसाइट पर


छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप राज्य के प्रतिष्ठित समाचार पत्र रोजगार और नियोजन अब डीपीआर की वेबसाइट https://dprcg.gov.in/



पर ऑनलाइन उपलब्ध हो रहा है। इससे पाठकों को नवीनतम नौकरी के अवसरों, करियर सलाह, और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। अब अपने स्मार्टफोन, टैबलेट या कंप्यूटर पर समाचार पत्र को एक्सेस कर सकते हैं।

# छत्तीसगढ़

### मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय गृहमंत्री से की मुलाकात



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली स्थित नॉर्थ ब्लॉक में केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात की। बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा अभियानों, विकास परियोजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 11 महीनों में 200 नक्सलियों का खात्मा और 700 से अधिक का आत्मसमर्पण हुआ है। गृहमंत्री ने राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए नक्सलवाद उन्मूलन के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। दोनों नेताओं ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म करने के लक्ष्य पर जोर दिया।

### 50,000 पीएम आवास (शहरी) का निर्माण पूर्ण

छत्तीसगढ़ में पिछले साल दिसम्बर में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद से शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में तेजी आई है। दिसम्बर-2023 से अक्टूबर-2024 के बीच पिछले 11 महीनों में ही करीब 50 हजार आवासों के निर्माण पूर्ण किए गए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हर गरीब के लिए आशियाने के सपने को पूरा करने का काम छत्तीसगढ़ में तेजी से हो रहा है। दिसम्बर-2023 में राज्य में नई सरकार के गठन के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के कार्यों में तेजी लाते हुए 49 हजार 834 आवासों का काम पूर्ण किया गया है। इनमें विभिन्न शहरों के हितग्राहियों द्वारा अपनी खुद की जमीन पर बनाए गए 44 हजार 419 और योजना के साथ भागीदारी में किफायती आवासीय परियोजनाओं के माध्यम से निर्मित 5415 आवास शामिल हैं।

### 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म टैक्स फ्री

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। इस फिल्म में 22 साल पहले गुजरात के गोधरा में हुए ट्रेन हादसे की कहानी की सच्चाई को दिखाने की कोशिश की गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म इसलिए भी देखी जानी चाहिए क्योंकि अतीत का अध्ययन ही हमें वर्तमान और भविष्य के बारे में बेहतर मार्गदर्शन दे सकता है। उन्होंने कहा है कि यह फिल्म इतिहास के उस भयावह सत्य को उजागर करने का अत्यंत सराहनीय और प्रभावशाली प्रयास है। फिल्म दर्दनाक घटना को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करती है।

### शासकीय सेवकों के परिवारों को आर्थिक सुरक्षा

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने शासकीय सेवकों के आश्रितों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। वित्त विभाग ने शासकीय सेवकों के आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा को 3,050 रुपए से बढ़ाकर 7,750 रुपए प्रति माह करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से उन आश्रितों को लाभ मिलेगा जो परिवार पेंशन के पात्र नहीं हो पाते थे क्योंकि उनकी आय पूर्व निर्धारित सीमा से अधिक थी। अब नई सीमा के तहत वे भी परिवार पेंशन का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। 2014 के बाद से आय सीमा में कोई संशोधन नहीं हुआ था। इस दौरान श्रमिकों की मजदूरी में लगातार वृद्धि हुई, जिससे कई शासकीय सेवकों के आश्रित आय सीमा के बाहर हो गए। वर्तमान में अर्द्ध कुशल श्रमिकों की दैनिक मजदूरी 10,900 रुपए प्रति माह तक पहुंच चुकी है। ऐसे में पुरानी आय सीमा अप्रासंगिक हो गई थी।

### राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण 4 दिसंबर को

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण 4 दिसंबर को आयोजित होगा, जिसमें कक्षा तीसरी, छठवीं और नवमी के विद्यार्थियों की दक्षता का मूल्यांकन किया जाएगा। सर्वेक्षण के लिए राज्य के 33 जिलों में 3420 स्कूलों का चयन हुआ है। परीक्षा में छात्रों की भाषा, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की समझ का आकलन होगा। मूल्यांकन कार्य की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षु शिक्षकों को परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। विद्यार्थियों की बेहतर तैयारी के लिए प्रश्न बैंक और मॉक टेस्ट का आयोजन हो रहा है।

### गाइड लाइन मूल्य पर रजिस्ट्री, मध्यम वर्ग को राहत

राज्य के मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए वरदान साबित होगा। संपत्ति की खरीद-बिक्री में गाइड लाइन दर से अधिक सौदे की रकम होने पर भी अब रजिस्ट्री शुल्क केवल गाइड लाइन दर के अनुसार ही लिया जाएगा। इस नीति के तहत अब संपत्ति का वास्तविक मूल्य रजिस्ट्री में दर्ज किया जा सकेगा, और इसके आधार पर बैंक से ऋण प्राप्त करना भी आसान होगा। उदाहरणस्वरूप, यदि किसी संपत्ति का गाइड लाइन मूल्य 10 लाख रुपये है और उसका सौदा 15 लाख में हुआ है, तो भी रजिस्ट्री शुल्क 10 लाख के 4% के अनुसार मात्र 40 हजार रुपये ही होगा, जिससे 20 हजार रुपये की सीधी बचत होगी।

### मुख्यमंत्री ने किया पौधरोपण 'एक पेड़ मां के नाम'

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सीआरपीएफ बस्तरिया बटालियन 241 वाहिनी के परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत नीम का पौधा लगाया। श्री साय ने सभी से एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण से भावी पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण का उपहार मिलता है। यह अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से संचालित हो रहा है। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के जवान भी उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय

### स्वदेशी पिनाक का एक और सफल परीक्षण



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पिनाक रक्षा प्रणाली का एक और सफल परीक्षण किया। इससे 12 रॉकेट एक साथ दागे जा सकते हैं। तीन चरणों में विभिन्न फील्ड फायरिंग रेंज में आयोजित इस परीक्षण को प्रोविजनल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट्स (पीएसक्यूआर) के तहत किया गया। गाइडेड पिनाक मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम पूरी तरह से स्वदेशी है। परीक्षण के दौरान पाया गया कि इस सिस्टम के तहत सभी रॉकेट विपरीत परिस्थितियों में सटीक निशाना साध सकते हैं। एक साथ कई गाड़ी, बंकर, बेड़े, तोप या किसी भी लक्ष्य को सटीक तरीके से भेदा जा सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और भारतीय सेना को इस सफल परीक्षण के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि गाइडेड पिनाक वेपन सिस्टम के शामिल होने से सशस्त्र बलों की तोपखाने की शक्ति को और मजबूती मिलेगी।

### पीएम मोदी को डोमिनिका का सर्वोच्च सम्मान

डोमिनिका सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। डोमिनिका के राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन गुयाना में होने वाले भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान पुरस्कार प्रदान किया गया। इसे कोविड के दौरान पीएम मोदी के सहयोग के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति बताया है। इसी तरह जॉर्जटाउन में आयोजित समारोह में पीएम मोदी को गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली ने अपने देश का सर्वोच्च पुरस्कार "डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर" प्रदान किया

### भारत-चीन सीधी उड़ान

पूर्वी लद्दाख में एलएसी से सैनिकों की वापसी के बाद भारत-चीन संबंधों में सुधार की दिशा में नई पहल हुई है। ब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके समकक्ष वांग यी के बीच हुई वार्ता में सीमा विवाद सुलझाने के लिए विशेष प्रतिनिधियों की बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। यह बैठक पांच साल बाद होगी। दोनों देशों ने सीधी उड़ानें फिर शुरू करने और कैलाश मानसरोवर यात्रा को बहाल करने पर सहमति जताई। कोविड के कारण रुकी ये सेवाएं जल्द शुरू हो सकती हैं। एलएसी पर शांति बनाए रखना भी चर्चा का हिस्सा रहा।

### राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स लॉन्च किया

राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स लॉन्च किया है, जिसका उद्घाटन गोवा में 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के उद्घाटन समारोह में हुआ। वेव्स का उद्देश्य डिजिटल मनोरंजन की बढ़ती मांग को पूरा करना और भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित करना है। इस प्लेटफॉर्म पर रामायण, महाभारत, शक्तिमान जैसे लोकप्रिय शो शामिल होंगे। यह प्लेटफॉर्म पारिवारिक मनोरंजन, समाचार, वृतचित्र और क्षेत्रीय कार्यक्रमों की एक विशाल लाइब्रेरी प्रदान करेगा। वेव्स में 12 से अधिक भाषाओं में कार्यक्रम उपलब्ध होंगे, जिनमें महिला केन्द्रित और एनीमेशन शो भी शामिल हैं। इसके अलावा, यह प्रभु श्रीराम लला आरती और प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण करेगा।

### सराय काले खां चौक का नाम अब बिरसा मुंडा चौक

दिल्ली के सराय काले खां चौक का नाम बदल कर अब बिरसा मुंडा चौक कर दिया गया है। केंद्रीय शहरी मंत्री मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बिरसा मुंडा की 149वीं जयंती पर यह घोषणा की।

### अनुराग मॉरीशस के राजदूत नियुक्त

अनुभवी राजनयिक अनुराग श्रीवास्तव को मॉरीशस में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। वह नंदिनी सिंगला की जगह लेंगे। द्वीपीय देश मॉरीशस हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक नजरिये से बहुत अहमियत रखता है। श्रीवास्तव 1999 बैच के भारतीय विदेश सेवा के राजनयिक है।

### स्पेसएक्स ने लॉन्च किया जीसैट-एन 2

भारत के संचार उपग्रह जीसैट-एन 2 को सफलता से कक्षा में स्थापित कर दिया गया है। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने फाल्कन 9 रॉकेट के जरिये 4700 किलो वजनी उपग्रह को अमेरिका के केप कैनावेरल से अंतरिक्ष में भेजा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया, यह उपग्रह भारत में ब्रॉडबैंड सेवाओं और विमान के अंदर इंटरनेट सेवा को बढ़ाएगा। उपग्रह का नियंत्रण इसरो ने अपने हाथ में ले लिया है।

### सीबीएसई नहीं करेगा मेरिट-टॉपर सूची की घोषणा

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के लिए छात्रों की मेरिट सूची और डिवीजनवार अंक जारी नहीं करेगा। पिछले चलन का पालन करते हुए, बोर्ड टॉपर्स की सूची और छात्रों के डिवीजन की घोषणा भी नहीं करेगा। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में बैठने वाले छात्रों को परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे। उम्मीदवारों को प्रत्येक विषय को व्यक्तिगत रूप से उत्तीर्ण करने के साथ-साथ कुल मिलाकर 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे।

### जनजातीय गौरव पखवाड़ा में आदिवासी उत्पादों की वैश्विक पहचान

देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में भगवान बिरसा मुंडा की विरासत को याद करने के लिए जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। केंद्र सरकार आदिवासियों के आर्थिक सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करके उनके जीवन को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत के आदिवासी उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हो रहे हैं। अरकू कॉफी ने 2017 में पेरिस में अपनी पहली ऑर्गेनिक कॉफी शॉप खोली, जिसने वैश्विक बाजारों में अपनी जगह बनाई। इसी तरह, छत्तीसगढ़ के महुआ फूलों ने फ्रांस सहित अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी जगह बनाई है। शॉल, पेंटिंग, लकड़ी के सामान, आभूषण और टोकरियाँ जैसे आदिवासी उत्पाद तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। सरकार ट्राइफेड आउटलेट और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी के माध्यम से इन प्रयासों का समर्थन कर रही है।

### के. संजय मूर्ति महालेखापरीक्षक नियुक्त

के. संजय मूर्ति को भारत का नियंत्रक और महालेखापरीक्षक-सीएजी नियुक्त किया गया है। श्री मूर्ति फिलहाल में शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव हैं। वे गिरीश चंद्र मुर्मु का स्थान लेंगे।

# अंतरराष्ट्रीय

### अमेरिकी इंटेलिजेंस तुलसी के जिम्मे



अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रिपब्लिकन हिंदू नेता तुलसी गबार्ड को अहम पद पर नियुक्त किया है। गबार्ड नेशनल इंटेलिजेंस के डायरेक्टर का पद संभालेंगी। अमेरिकी हिंदू तुलसी सीआईए और एफबीआई जैसी 18 सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय का काम देखेंगी। इस पद पर वे पहली हिंदू धर्मावलंबी होंगी। अमेरिकी समोआ (प्रशांत महासागर का द्वीप) में ईसाई परिवार में जन्मी तुलसी हिंदू धर्म मानती हैं। भले ही भारतीय मूल की नहीं हैं, लेकिन वे हमेशा गीता अपने साथ रखती हैं। डेमोक्रेट रहीं तुलसी ने इसी साल रिपब्लिकन पार्टी जॉइन की थी। वे कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के पक्ष में रहीं।

### पॉवरफुल मैग्नेट: पृथ्वी से 8 लाख गुना शक्तिशाली चुंबक

चीन के वैज्ञानिकों का दावा है कि एक कमरे के आकार का ये मैग्नेट सबसे शक्तिशाली है। ये धरती के चुंबकीय क्षेत्र से 8 लाख गुना शक्तिशाली प्रभाव उत्पन्न करता है। वैज्ञानिक भाषा में इसकी शक्ति 42.02 टेस्ला है। इससे पहले, अमेरिका के फ्लोरिडा में स्थित चुंबक 41.4 टेस्ला की थी और उसका विश्व रिकॉर्ड था।

### काप-29 में 132 देशों ने की शांति की अपील

संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (काप 29) में शांति, राहत और पुनर्प्राप्ति दिवस पर घोषणा की गई कि भारत सहित 132 देश काप ट्रूस (युद्ध विराम) अपील में शामिल हो गए हैं। युद्ध में शामिल देशों से सम्मेलन के महीने में सैन्य अभियान रोकने का आग्रह किया गया है। ओलंपिक ट्रूस से प्रेरित यह अपील काप-29 प्रेसीडेंसी की बड़ी पहल है। काप ट्रूस दो मुख्य उद्देश्यों से प्रेरित है। पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना और जलवायु परिवर्तन के सामने एकता को बढ़ावा देना है।

### 1400 कलाकृतियां भारत को अमेरिका ने लौटाई

अमेरिका ने भारत को 1,400 से अधिक चुराई गई कलाकृतियां वापस लौटा दी हैं, जिनकी कीमत करीब 84 करोड़ रुपए है। कई वस्तुएं न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में हाल ही में प्रदर्शित हो रही थीं।

### चीन के वैज्ञानिकों ने पहली बार सुलझाया चंद्रमा का रहस्य

चीन के वैज्ञानिकों ने पहली बार चंद्रमा के सुदूर हिस्से के रहस्य को सुलझाने के कारनामा कर दिखाया है। पहली बार चीनी वैज्ञानिक और उनके अमेरिकी सहयोगी चंद्रमा के दूर वाले हिस्से पर ज्वालामुखी विस्फोटों की सटीक उम्र मापने में सक्षम हुए हैं। पहले इसके अंदाजा केवल रिमोट सेंसिंग के आकलनों के माध्यम से किया जाता था। इसी साल जून में चीन का चांग 'ई-6 मून मिशन चंद्रमा से चट्टान का सैंपल लेकर पृथ्वी पर वापस आया था। इस सैंपल का अध्ययन करने के लिए बीजिंग और ग्वांगझोऊ में स्थित चीनी विज्ञान अकादमी के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में दो शोध टीमों का गठन किया गया।

### पीएम मोदी ने नाइजीरिया के राष्ट्रपति को दिया सिलोफर पंचामृत कलश

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नाइजीरिया के राष्ट्रपति को सिलोफर पंचामृत कलश उपहार में दिया। यह कलश महाराष्ट्र के कोल्हापुर की पारंपरिक शिल्प कौशल का एक अद्भुत उदाहरण है। सिलोफर पंचामृत कलश उच्च गुणवत्ता वाली चांदी से बना है, जिसे विशेष कौशल और सटीकता के साथ तैयार किया गया है। कलश पर कोल्हापुर के प्रसिद्ध धातुकर्म की विशिष्ट नक्काशी की गई है, जिसमें फूलों की आकृतियां, देवताओं की तस्वीरें और पारंपरिक कोल्हापुर डिजाइन शामिल होते हैं। इसके हैंडल और ढक्कन को भी डिजाइन किया गया है। धार्मिक समारोहों के दौरान कलश के माध्यम से खासतौर से पंचामृत दूध, दही, घी, शहद और चीनी परोसी जाती है।

### हरिनी अमरसूर्या बनीं श्रीलंका की प्रधानमंत्री

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने हरिनी अमरसूर्या को फिर से प्रधानमंत्री नियुक्त किया। दिल्ली में पढ़ीं हरिनी के नेतृत्व में सरकार का गठन हुआ। 21 सदस्यीय मंत्रिमंडल में 12 नए और 8 अनुभवी सांसदों को शामिल किया गया। वित्त और रक्षा मंत्रालय राष्ट्रपति ने अपने पास रखा, जबकि विदेश मंत्रालय का जिम्मा विजिथा हेराथ को दिया। दिसानायके के वामपंथी गठबंधन ने चुनाव में 225 सीटों में से रिकॉर्ड 159 सीटें जीतीं, जिसमें तमिल गढ़ जाफना की ऐतिहासिक जीत शामिल है। शपथग्रहण के बाद उन्होंने सत्ता को विनम्रता और जवाबदेही के साथ उपयोग करने का संदेश दिया।

### अंतरिक्ष में जीवन की तलाश

यूरोपीय स्पेस एजेंसी और नासा के शीर्ष वैज्ञानिक मिलकर ऐसा स्पेसशिप बना रहे हैं जो 1000 लोगों को लेकर 250 साल तक का सफर कर सके। इस यान पर सैकड़ों वैज्ञानिक और इंजीनियर रहकर अंतरिक्ष में जीवन की तलाश के लिए अनुसंधान करेंगे। प्रोजेक्ट हाइपेरियन के तहत इसकी तैयारी शुरू की गई है। इस पर धरती की तरह ही गुरुत्वाकर्षण बल की सुविधा भी रहेगी।

### भारत समर्थक वॉल्ट्ज होंगे अमेरिका के नए एनएसए

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले साल जनवरी में पद संभालेंगे। इससे पहले उन्होंने महत्वपूर्ण नियुक्तियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में उन्होंने फ्लोरिडा से तीन बार के सांसद माइक वॉल्ट्ज को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त किया है। 50 वर्षीय वॉल्ट्ज, जेक सुलिवन की जगह लेंगे। वॉल्ट्ज सेना में कर्नल रह चुके हैं। युद्ध के अनुभवी हैं। उन्होंने अफगानिस्तान, मध्य पूर्व और अफ्रीका में कई मिशनों का नेतृत्व किया है। वॉल्ट्ज की नियुक्ति भारत के नजरिए से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें भारत समर्थक माना जाता है। वे चीन की तानाशाह कम्युनिस्ट पार्टी की मुखालफत करते रहे हैं। वॉल्ट्ज ने 2023 में एक इंटरव्यू में आतंक को विदेश नीति के तौर पर बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की थी। वॉल्ट्ज ने बीते साल अगस्त में स्वतंत्रता दिवस पर भारत का दौरा किया था। उस समय भारत, पाकिस्तान, चीन, खालिस्तान पर रुख स्पष्ट करते हुए भारत से दोस्ती पर जोर दिया था। वहीं चीन और पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक रुख दिखाया था।

# खेल / कला

### टी 20 भारत ने दक्षिण अफ्रीकी सीरीज 3-1 से जीती




भारत-दक्षिण अफ्रीका टी20 सीरीज भारत ने 3-1 से अपने नाम कर ली। सीरीज का आखिरी मैच भारत 135 रन से जीता। टीम इंडिया ने पहले खेलते हुए एक विकेट पर 283 रन बनाए। जवाब में दक्षिणी अफ्रीकी टीम 148 रन पर आउट हो गई। अर्शदीप सिंह ने तीन, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिए। टी20 में यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा।

### प्रजनेश ने पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रजनेश गुणेश्वरन ने पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की। जकार्ता एशियाई खेलों 2018 में एकल कांस्य पदक जीतने वाले 35 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, "मैं खेल को अलविदा कह रहा हूं। धन्यवाद।" गुणेश्वरन 2019 में एटीपी रैंकिंग में अपने सर्वश्रेष्ठ 75 वें पायदान पर पहुंचे थे। उन्होंने कई वर्षों तक शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होने के लिए आभार व्यक्त किया। गुणेश्वरन ने कहा, '' मैं जब यह लिख रहा हूं तो मेरा दिल कृतज्ञता, गर्व और पुरानी यादों के स्पर्श से भर रहा है।

### वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर ने लगातार तीसरी जीत

दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इटली के सिनर ने अपने आखिरी ग्रुप मैच में चौथी सीड डेनियल मेदवेदेव को 6-3, 6-4 से हराया। टॉप सीड सिनर की यह लगातार तीसरी जीत है। इससे पहले टेलर फ्रिट्ज ने एलेक्स डि मिनॉर को 5-7, 6-4, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### महेंद्र बने एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष

रायपुर के महेंद्र आहूजा को छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ का नया अध्यक्ष चुन लिया गया है। संघ की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक में पूर्व अध्यक्ष जीएस बांबरा ने पद त्याग दिया। अब वे प्रदेश संघ के चेयरमैन के तौर पर काम करेंगे। वहीं, आहूजा को सर्वसहमति से अध्यक्ष चुना गया। महेंद्र आहूजा 2027 तक कार्यभार संभालेंगे। इसके अलावा आगामी होने वाले क्रॉस कंट्री एवं छत्तीसगढ़ के जिलों के मान्यता के संबंध में विस्तृत रूप से सभी सदस्यों के बीच चर्चा हुई। दिसंबर में रायपुर में मास्टर एथलेटिक्स टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जानकारी संघ वेबसाइट से मिलेगी।

### डेनमार्क की विक्टोरिया मिस यूनिवर्स चुनी गईं

डेनमार्क की विक्टोरिया केजर थेलविग ने वर्ष 2024 का मिस यूनिवर्स का खिताब जीता है। मिस नाइजीरिया चिडिम्मा एडेत्शिना दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि मिस मेक्सिको मारिया फर्नांडा बेल्ट्रान तीसरे स्थान पर रहीं। भारत की रिया सिंह टॉप 12 में भी जगह नहीं बना सकीं।

### शेफाली जामवाल ने जीता मिसेज यूनिवर्स अमेरिका का खिताब

जम्मू की मूल निवासी शेफाली जामवाल ने मिसेज यूनिवर्स अमेरिका का खिताब जीत लिया है। उनके सिर मिसेज यूनिवर्स अमेरिका 2024 का ताज सजा है। शेफाली भारतीय सेना के ब्रिगेडियर (रिटायर्ड) की बेटी हैं। जम्मू की मूल निवासी शेफाली जामवाल को सौंदर्य प्रतियोगिता में मिसेज यूनिवर्स अमेरिका 2024 का खिताब मिला है। जामवाल ने पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को लेकर शानदार जवाब दिए, जिसे लेकर उन्होंने वहां पर उपस्थित दर्शकों और जजों दोनों पर शानदार प्रभाव डाला। वाशिंगटन के रेंटन में आयोजित इस कार्यक्रम में हरियाली को लेकर उनकी अवेयरनेस ने खासा प्रभाव डाला और खिताब को उनके नाम करने में मदद की।

### जेक पॉल ने माइक टायसन को हराया

अपने जमाने के दिग्गज मुक्केबाज माइक टायसन 58 साल की उम्र में अपना पुराना जादू नहीं दिखा पाए और यहां एक बहुप्रचारित मुकाबले में 27 साल के जैक पॉल से हार गए। टायसन 20 साल बाद पेशेवर मुकाबला खेलने के लिए रिंग पर उतरे थे और इसलिए इस मुकाबले को लेकर काफी प्रचार प्रसार किया गया था।

### 24वें राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 31 दिसंबर तक

वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा राजधानी रायपुर में 24वें राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह पांच दिवसीय प्रतियोगिता 27 से 31 दिसंबर तक आयोजित होगी। जिसमें तीरंदाजी एवं फुटबॉल के लगभग 800 प्रतिभागी भाग लेंगे। शबरी आश्रम परिसर रायपुर में आयोजित बैठक में प्रतियोगिता के तैयारी एवं विभिन्न कार्यक्रमों के लिए स्वागत समिति का गठन किया गया।

### महिला हॉकी: भारत को एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी

भारतीय महिला हॉकी टीम ने फाइनल में ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट टीम चीन पर 1-0 की जीत के साथ एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब बरकरार रखा। युवा स्ट्राइकर दीपिका ने 31वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से भारत के लिए विजयी गोल किया और 11 गोल के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने, वाली खिलाड़ी बनीं। साल 2016 और 2023 में ट्रॉफी जीतने के बाद यह भारत का तीसरा खिताब है

### दिव्या ईस्ट एशिया म्यूथाई के लिए भारतीय टीम में चयनित

राजधानी की म्यूथाई खिलाड़ी दिव्या अग्रवाल का चयन ईस्ट एशिया चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम में कर लिया गया है। वहीं, अमन यादव टीम के मैनेजर नियुक्त किए गए हैं। 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक हांगकांग में होने जा रहे टूर्नामेंट में विजेता को लगभग 50 हजार और उपविजेता को 25 हजार रुपए मिलेंगे। इसके लिए 15 सदस्यीय भारतीय म्यूथाई टीम 27 नवंबर को हांगकांग के लिए रवाना होगी। जानकारों ने बताया कि दिव्या ने दो बार नेशनल मार्शल आर्ट चैम्पियनशिप में मेडल जीत चुकी हैं। साथ ही ईस्ट एशिया चैम्पियनशिप के लिए चयन होने वाली इस साल प्रदेश की इकलौती खिलाड़ी हैं।

# कार्यालय : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालोद, जिला बालोद (छ०ग०)

फोन एवं फैक्स नं.: 07749-223077 ई-मेलः balod.court@nic.in

## ।। सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन ।।

क्रमांक 3463/दो-11-2/2013 बालोद, दिनांक- 13.11.2024

**आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- 07.12.2024 की संध्या 5.00 बजे तक (केवल स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से)**

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालोद की स्थापना हेतु वाहन चालक के रिक्त पदों की सीधी भर्ती से पूर्ति हेतु, भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

| रिक्त पदों का विवरण | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रं. | रिक्त पद का नाम | कुल रिक्त पद | पदों के आरक्षण का विवरण | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | अनुसूचित जाति | | | | अनुसूचित जनजाति | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | अनारक्षित | | | |
| | | | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भूतपूर्व सैनिक | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भूतपूर्व सैनिक | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भूतपूर्व सैनिक | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भूतपूर्व सैनिक |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 01 | वाहन चालक | 02 | .... | .... | .... | .... | 0 | .... | .... | .... | 01 | .... | .... | .... | 01 | .... | .... | .... |

**महत्वपूर्ण टीप :-**

1. पदों की संख्या परिवर्तनीय है।
2 विज्ञापन में कोई भी शुद्धिपत्र जारी करना व चयन प्रकिया में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करना इत्यादि भर्ती समिति का अधिकार होगा, जो कि अतिम व बंधनकारी होगा एवं इस संबंध में किसी भी पत्र व्यवहार पर विचार नही किया जायेगा।
3. परीक्षा तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालोद, जिला- बालोद (छ०ग०) के पास सुरक्षित होगा।

**-:: भर्ती की पात्रता एवं शर्ते :-**

[01] **वाहन चालक पद के लिये-**

(1) वेतनमान - वेतन मैट्रिक्स लेवल 4 (रूपये 19500-62000)

(2) शैक्षणिक योग्यता -

[अ] किसी भी राज्य शासन के किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा संस्था से कक्षा आठवीं उत्तीर्ण होना चाहिए।

[ब] हल्के मोटर वाहन / कॉमर्शियल वाहन चालक की वैद्य अनुज्ञप्ति (लायसेंस) धारण करता हो तथा सभी प्रकार के वाहन चलाने का अनुभव होना चाहिए। अनुभवी एवं वाहन मैकेनिको को प्राथमिकता दी जावेगी।

(स) अभ्यर्थी स्वस्थ्य होना चाहिए।

(द) यह अपेक्षित है कि उम्मीद्वार को छत्तीसगढ़ी (बोली)/ स्थानीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए।

**टिप्पणी-** उच्च योग्यता वाले अभ्यर्थी जो कि किसी अन्य शासकीय विभाग में तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा नियमित वाहन चालक के रूप में सेवा दे रहे हो, उससे संबधित दस्तावेज जमा करे।,

**आयु सीमा एवं पात्रता की अन्य शर्तें:-**

[1] **आयु सीमा :-**

उपरोक्त पदों के लिये ऐसे अभ्यर्थी पात्र होंगे, जिनकी आयु 01 जनवरी, 2024 को 18 वर्ष से कम तथा 30 वर्ष से अधिक न हो, परन्तु छ.ग. के स्थानीय/मूल निवासी अभ्यर्थी के लिये उच्चतर आयु सीमा 40 वर्ष होगी। छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर), महिला इत्यादि के लिये अधिकतम आयु सीमा में राज्य शासन द्वारा जो छूट दी गई है, वे छूट यथावत् लागू रहेगी तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु के संबध में समय-समय पर जारी निर्देशों के आधार पर अभ्यर्थियों को आयु में दी जाने वाली सभी प्रकार की छूट को सम्मिलित करने के बाद अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

छ०ग० राज्य के बाहर अन्य राज्य के आवेदकों के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष होगी।

आयु सबधी प्रमाण पत्र के लिये प्राथमिक / माध्यमिक परीक्षा के प्रमाण पत्र/ अंकसूची जिनमे जन्म तिथि का उल्लेख हो, मान्य होगे। जो अभ्यर्थी उच्चतर आयु सीमा में छूट चाहते हैं, उन्हें संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**अन्य शर्तें :-**

1. रोजगार कार्यालय में उनका जीवित पंजीयन होना चाहिए। कार्यरत शासकीय सेवकों के लिये लागू नहीं है)
2 चयनित उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक योग्यता, जाति, निवास प्रमाण पत्र फर्जी पाये जाने की दशा में चयनित उम्मीदवार को सूचना दिये बिना उसकी सेवा समाप्त की जाकर दाण्डिक कार्यवाही सस्थित की जा सकेगी।
3 उपरोक्त पदों पर नियुक्ति आदेश उपरात पद भार ग्रहण करने के पूर्व, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारो को सक्षम प्राधिकारी के द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4 आवेदन करने की तिथि में समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य है।
5 जो अभ्यर्थी शासकीय सेवा/निगम/मण्डल/उपक्रम में कार्यरत है, उन्हें नियुक्ति प्राधिकारी / कार्यालय प्रमुख द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6 कोई पुरुष अभ्यर्थी जिसकी एक से अधिक पत्नि जीवित हो और कोई महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पत्नि जीवित है वह नियुक्ति का पात्र नहीं होगा, परन्तु यदि शासन का यह समाधान हो जाये कि ऐसा करने का विशेष कारण है, तो ऐसे अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दिया जा सकेगा।
7. कोई भी अभ्यथर्थी जिसे किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो वह नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
8. अभ्यर्थी को किसी उच्च न्यायालय, शासकीय या वैधानिक संस्था अथवा स्थानीय प्राधिकारी द्वारा सेवा से पृथक अथवा पदच्युत किया गया हो तो वह अपात्र माना जायेगा।

**-: आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया :-**

[1] आवेदन पत्र, विज्ञापन के साथ सलग्न प्रारूप में प्रस्तुत किये जा सकेगे। पूर्णतः भरे हुये आवेदन पत्र बद लिफाफे में जिस पर वह आवेदित पद वाहन चालक पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखा हो। प्रेषित किया जाने वाला आवेदन पत्र, कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालोद, जिला बालोद (छ०ग०) के पत्ता पर प्रेषित किया जावे। केवल वह आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जाएंगे, जो कि स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित किये गये हों और इस कार्यालय को दिनांक 07.12.2024 की संध्या 05.00 बजे तक प्राप्त हो गये हों। इसके अलावा अन्य किसी भी माध्यम से प्राप्त हुए आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। दिनांक 07.12.2024 की संध्या 5.00 बजे के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

[2] आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, जाति, निवास, दिव्यांगता आदि से संबंधित समस्त आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य होगा।

क्रमशः

[3] जन्मतिथि की सत्यता हेतु जन्म प्रमाण पत्र अथवा प्राथमिक / माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने की अंक सूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

[4] ऐसे अभ्यर्थी जो, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत् है, उन्हें अपने वर्तमान नियोक्ता/विभाग प्रमुख से उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति/अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।

5 आवेदन पत्र में स्वतः का नाम लिखा हुआ एवं दिनांक सहित रंगीन फोटो, स्वप्रमाणित किया हुआ चस्पा होना चाहिये तथा पहचान के रूप में आधार कार्ड या वोटर कार्ड या ड्रायविंग लायसेंस या पेन कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

[6] पंजीकृत डाक या स्पीड डाक पोस्ट के द्वारा भेजे गये आवेदन पत्रों के विलंब से प्राप्त होने या नहीं प्राप्त होने की जवाबदारी इस कार्यालय की नही होगी।

[7] ई-मेल व फैक्स के द्वारा प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेगे।

[8] बिना हस्ताक्षर के प्राप्त आवेदन पत्र निरस्त गाना जावेगा।

(09) आवेदक को चाहिए की वह विज्ञापन में दिये गये निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ते हुए आवेदन पत्र में वांछित सभी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से भरे। आवेदन पत्र में त्रुटि तथा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना सूचना दिये चयन के किसी भी स्तर पर उसे निरस्त किया जा सकेगा।

**-:: नियुक्ति हेतु चयन विधि :-**

**1. वाहन चालक पद हेतु-**

(अ) लिखित परीक्षा वाहन चालक के पद हेतु 10 गुना से कम आवेदन प्राप्त होते हैं तो सीधा कौशल परीक्षा लिया जावेगा, 10 गुना से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालोद जिला (छ.ग.) द्वारा गठित भर्ती कमेटी या सब कमेटी द्वारा लिखित परीक्षा लिये जाने के संबंध में पृथक से निर्णय लिया जावेगा या केवल कौशल परीक्षा भी आयोजित की जा सकेगी। यदि, लिखित परीक्षा आयोजित किया जाता है तो, तो स्वतंत्र प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जा सकेगी। जिसमें 30 अंको का एक प्रश्न पत्र सहउत्तर पुस्तिका होगा जिसके सभी 30 प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे, जिसमें प्रत्येक प्रश्न का एक-एक अक होगा। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिये चार विकल्प होगे जिसमे से सही विकल्प का चुनाव करना होगा। लिखित परीक्षा से संबंधित अन्य दिशा-निर्देश लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र में दिया जावेगा। उक्त वस्तुनिष्ठ प्रश्न सामान्य मानसिक योग्यता, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित, समसामयिक विषय एवं मोटरयान से संबंधित सामान्य जानकारी के अंतर्गत होंगे, उक्त परीक्षा की अवधि केवल 30 मिनट की होगी। मूल्याकन में ऋणात्मक अंक नहीं होगा। लिखित परीक्षा में प्रावीण्य सूची वर्गवार / श्रेणीवार तैयार की जावेगी। अंतिम क्रमांक पर एक समान अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जावेगा। लिखित परीक्षा मात्र अभ्यर्थी की छटनी हेतु होगी। लिखित परीक्षा के प्राप्तांक की गणना प्राविण्य /वयन सूची तैयार करते समय नहीं की जायेगी। केवल कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर प्राविण्य / चयन सूची श्रेणीवार / वर्गवार तैयार की जाएगी। लिखित परीक्षा आयोजित नहीं होने की स्थिति में भर्ती समिति का निर्णय मान्य होगा।

(ब) कौशल परीक्षा कौशल परीक्षा में अभ्यर्थियों के शारीरिक एवं बौद्धिक दक्षता एवं वाहन चालन के संबंध में परीक्षण लिया जायेगा। प्रायोगिक (दक्षता / कौशल) परीक्षा- 50 अंको की होगी।

**-: चयन सूची तथा प्रतीक्षा सूची ::-**

(01) वाहन चालक के पद पर चयन हेतु केवल कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर ही वर्गवार मेरिट सूची तैयार करते हुए चयन सूची तैयार की जायेगी तथा नियमानुसार वर्गवार प्रतीक्षा सूची तैयार की जायेगी।

(02) प्रतीक्षा सूची परिणाम घोषित होने की तिथि से एक वर्ष तक प्रभावशील रहेगी।

(03) समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथि के आधार पर वरीयता तय की जावेगी, जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी, उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी। जन्मतिथि समान होने पर अग्रेजी वर्णमाला के अनुसार जिस आवेदक का नाम प्रथम आयेगा उनका चयन किया जावेगा।

**-: महत्वपूर्ण निर्देश :-**

[1] चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

[2] चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता /अपात्रता के संबंध में अतिम निर्णय लेने का अधिकार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालोद का होगा।

(3) चयनित उम्मीदवार को जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वस्थता का प्रमाण पत्र प्राप्त कर, प्रस्तुत करने के बाद ही सेवा में लिया जावेगा।

[4] आरक्षित वर्ग के चयनित उम्मीदवारों के जाति प्रमाण पत्र का सत्यापन संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान छ.ग. रायपुर से सत्यापित न होने की दशा में संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान छग रायपुर से सत्यापित कराया जायेगा।

(5) चयनित उम्मीदवारों के, जिसे नियुक्ति आदेश जारी किये गये हो, कार्यभार ग्रहण किये जाने के पश्चात् पुलिस सत्यापन नियमानुसार कराया जायेगा, आपराधिक गतिविधियो में शामिल पाये जाने की दशा मे नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

[6] चयन प्रक्रिया के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालोद का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

[7] उक्त नियुक्ति, आरक्षण के सबंध में माननीय छ०ग० उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा रिट पिटीशन कमाक (सी) 591/2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन किया जावेगा।

[8] यह विज्ञप्ति बिना किसी कारण बताये किसी भी समय निरस्त की जा सकेगी।

[09] जो अभ्यर्थी चयन प्रकिया एवं परीक्षा को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने का प्रयास करेंगे, उसकी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर निरस्त कर दी जायेगी।

[11] आवेदक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय की वेबसाइट balod.dcourts.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा हेतु उपस्थित हो सकेगे। पृथक से कोई प्रवेश पत्र कार्यालय द्वारा जारी नहीं किया जावेगा। प्रवेश पत्र में अभ्यर्थी के फोटोग्राफ कॉलम में वर्तमान रंगीन फोटो चस्पा एवं स्वहस्ताक्षरित कर प्रस्तुत करना होगा। साथ ही पहचान संबंधी दस्तावेज, जैसे कि आधार कार्ड या ड्रायविंग लायसेंस या मतदाता परिचय पत्र या पैनकार्ड की मूल प्रति के साथ उपस्थित होना होगा, अन्यथा की दशा में परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जा सकेगा। लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा के लिये अभ्यर्थियों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा तिथि को निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहना होगा। उन्हें किसी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा। अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में परीक्षा एक से अधिक पाली में ली जा सकेगी।

[12] प्राप्त आवेदनों की कूट परीक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची का प्रकाशन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के वेबसाईट balod.dcourts.gov.in तथा सूचना पटल पर प्रकाशित किया जावेगा। उक्त प्रकाशन के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो आवेदक 07 (सात) दिवस के भीतर स्वतः उपस्थित होकर लिखित आपत्ति चयन समिति के समक्ष पेश कर सकेंगे। अतिम पात्र सूची आपत्ति के निराकरण पश्चात् वेबसाईट पर प्रकाशित/अपलोड की जायेगी।

[13] आवेदक परीक्षा के लिये निर्धारित तिथि पर प्रवेश पत्र के प्रोफार्मा को स्वयं भरकर परीक्षा के लिये निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व पंजीयन हेतु उपस्थित होगें, विलम्ब से उपस्थित होने पर परीक्षा में शामिल नहीं किया जावेगा।

[14] उम्मीदवारो को पृथक से कोई प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा। उम्मीदवारों का पंजीयन क्रमांक तथा अनुक्रमांक की जानकारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद, जिला बालोद के वेबसाईट balod.dcourts.gov.in तथा सूचना पटल पर चस्पा किया जावेगा, जिसे ही अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र पर अंकित करना है।

**महत्वपूर्ण टीप :-** "यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताओं तथा शर्तो को पूरा करते हैं। आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। परीक्षा में शामिल किये जाने का यह अर्थ कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने की दशा में आवेदन पत्र निरस्त कर उम्मीदवारी समाप्त मानी जावेगी।" नियुक्ति के पश्चात् कोई सारवान जानकारी छुपाये जाने पर सेवा समाप्त की जा सकेगी।

**स्थानः बालोद**
**दिनांक 13.11.2024**

अनुमोदन
सही/-
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद (छ.ग.)

सही/-
अध्यक्ष
भर्ती एवं चयन समिति
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद,
जिला-बालोद (छ.ग.)

**क्रमशः**

## वाहन चालक के पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
बालोद, जिला बालोद (छ०ग०)

आवेदक का स्वहस्ताक्षरित नवीनतम पासपोर्ट फोटो दिनाकः सहित

01 आवेदित पद का नाम ---------------------------------
02 आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) ---------------------------------
03 अंग्रेजी के बडे अक्षरों में पूरा नाम ---------------------------------
04 लिंग पुरुष / महिला / अन्य] ---------------------------------
05 पिता/पति का नाम ---------------------------------
06 (अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पत्ता ---------------------------------
---------------------------------
---------------------------------
(ब) स्थाई पता ---------------------------------
---------------------------------
---------------------------------
---------------------------------
07 (अ) जन्म तिथि (अंको में) ---------------------------------
(ब) जन्म तिथि शब्दों में ----------------------------------
(स) दिनांक-01.01 2024 को आयु ----------------------------------
(यदि आवेदक आयु में छूट का कोई दावा करता ------वर्ष-----माह-----दिन------ है तो उक्त के सबंध में आधार एवं दस्तावेज सलग्न करे)
08 क्या आवेदक छ.ग. राज्य का मूल निवासी है. --------------------------
[सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें]
09 क्या आवेदक छग राज्य के लिये घोषित -------------------------- अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है। यदि हाँ तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र सलग्न करें]
10 अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा- वर्ग अंकित करें-----------------
11 क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है। ------------------------------ यदि हा तो सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र सलग्न करें]
12 रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन -------------------------- क्रमांक दिनांक/वैधता दिनांक
13 रोजगार कार्यालय का नाम -----------------------
14 क्या आप विवाहित है? हां या नहीं -----------------------
15 यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि -----------------------
16 शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता -----------------------

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड/वि.वि. का नाम | विषय | प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

17 अनुभव यदि कोई हो (प्रमाण-पत्र संलग्न करें।) -
18 क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय- सस्था में सेवारत है? यदि हाँ तो नियोक्ता का अनापत्ति/अनुमति संलग्न करें ।
19 संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची- (स्वप्रमाणित होना चाहिये)
01.----------------------02 .----------------------
03. .----------------------04. .----------------------
05. .----------------------06. .----------------------
07. .---------------------- 08 .----------------------
09 .----------------------10 .----------------------

दिनांक-
स्थान-

**आवेदक का हरताक्षर**
**नाम एवं पूरा पता**------------
**मोबाईल न.**----------------------
**ई-मेल**----------------------

**(अनिवार्य रूप से भरे)**

**।। घोषणा पत्र ।।**

मैं पति/पत्नी / पिता/अभिभावक सत्यनिष्ठा से यह घोषणा करती/करता हूँ कि आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्णतया सत्य है। चयन के किसी भी स्तर पर मेरे द्वारा दी गई जानकारी अपूर्ण या असत्य पाये जाने पर आवेदन पत्र या नियुक्ति रद्द किये जाने के लिये मैं पूर्णतः जिम्मेदार रहूंगा/ रहूंगी ।

**स्थान-**
**दिनांक**

**आवेदक का हस्ताक्षर**

**कार्यालय : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालोद जिला बालोद छ०ग०**

**।। प्रवेश-पत्र ।।**

**वाहन चालक के पद पर नियुक्ति हेतु**

आवेदक का स्वहस्ताक्षरित नवीनतम पासपोर्ट फोटो दिनांक सहित

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन का पंजीयन क्रमांक | :- | |
| परीक्षार्थी का अनुक्रमांक | :- | |

आवेदित पद का नाम :---------------------------
अभ्यर्थी का नाम :---------------------------
पिता/पति का नाम :---------------------------
वर्ग- :---------------------------
[अनारक्षित/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व] :---------------------------
परीक्षा तिथि :---------------------------
समय :---------------------------
परीक्षा केन्द्र :---------------------------

**परीक्षार्थी के हस्ताक्षर**

**कार्यालयीन उपयोग हेतु**

वास्ते/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)

**परीक्षार्थी के लिये अनुदेश**

1/ परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व पंजीयन हेतु उपस्थित होना अनिवार्य है। विलम्ब से उपस्थित होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी ।

